प्रकाशन का 102 वाँ वर्ष

आज

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

लखनऊ, मंगलवार, 18 जनवरी, 2022 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ 12 | मूल्य 2.50 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर सप्लाई करेगा सर्वोटेक

नई दिल्ली। कोरोना के बढ़ते संक्रमण और मौजूदा ओमिक्रोन संकट के दौरान पर्याप्त ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित करने के प्रयास में यूपी सरकार की तैयारियों को मजबूत करने और समर्थन देने के लिए सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड को उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड यूपीएमएससीएल को ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर सप्लाई करने का टेंडर मिला है। गौरतलब है कि पहले की परियोजना में आवश्यकताओं, नियमों और शर्तों के अनुसार सर्वोटेक सफलतापूर्वक यूपीएमएससीएल को ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर की सप्लाई कर चुका है और कुल 7 करोड़ मूल्य की दो परियोजनाओं में से यह दूसरी है। सर्वोटेक ने 2021 में कोविड19 की दूसरी लहर के दौरान मांग आपूर्ति के अंतर को खत्म करने के लिए बड़ी संख्या में क्लीनिकों, अस्पतालों और घरों में ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर के प्रमुख प्रदाताओं के रूप में कार्य किया था और इस बार इन जीवन रक्षक उपकरणों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर अपने उत्पादन और लॉजिस्टिक्स का स्तर बढ़ाया है। वर्तमान में विशेषज्ञों द्वारा गहन विस्तृत निरीक्षण, परीक्षण और मूल्यांकन के लिए उपकरणों को संसाधित करते हुए सर्वोटेक ने आगामी महीने तक ही परियोजना के निष्पादन की योजना बनाई है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड से टेंडर प्राप्त करने पर सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रमन भाटिया ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इस संकट के समय इन ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर से देश के लोगों की जरुरत को पूरा करने में हम सफल रहे हैं।